पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय सी.सु.बल जोधपुर
PM Shri KENDRIYA VIDYALAYA BSF JODHPUR
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार) मंडोर रोड, जोधपुर (राजस्थान) - 342026
(Ministry Of Education, Govt. Of India)
Mandore Road Jodhpur (Rajasthan) - 342026

केन्द्रीय विद्यालय संगठन

दूरभाष / Telephone: 0291-2570097 CBSE Aff. No.: 1700007 School Code: 14164
वेबसाइट/ Website: https://jodhpurbsf.kvs.ac.in ईमेल/ Email: ppl.jodhpurbsf@kvs.gov.in

पत्रांक: F-18/केवि/सीसुब/जोध/2024-25/ दिनांक: 27.02.2025

नीलामी सूचना

सभी को यह सूचित किया जाता है कि इस विद्यालय के पुस्तकालय, खेल कूद एवं फर्नीचर विभाग का सामान जो अनुपयोगी घोषित है, जहाँ और जैसी स्थिति में सार्वजनिक नीलामी के माध्यम से दिनांक **06.03.2024 को प्रातः 11:00 बजे** विद्यालय परिसर में बेचा जाना प्रस्तावित है। अतः इच्छुक व्यक्ति/फर्म विद्यालय परिसर में नीलामी के लिए रखी गई वस्तुओं का निरीक्षण एवं नीलामी की प्रक्रिया में भाग लेने हेतु सुबह 11.00 बजे व्यक्तिगत रूप से उपस्थित हो सकते हैं। सफल बोली दाताओं को कार्यालय में बोली राशि तुरंत जमा करनी होगी और विद्यालय परिसर से निस्तारित सामान को तुरंत अपनी लागत पर उठाना होगा। केंद्रीय विद्यालय संगठन के किसी भी कर्मचारी या उनके परिवार के सदस्यों को इस नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं होगी।

नीलामी के लिए नियम और शर्तें :-

1. बोली लगाने वाले व्यक्ति/फर्म को बोली में भाग लेने से पहले रु.1000/- की धरोहर राशि जमा करानी होगी जो नीलामी के बाद असफल बोली दाताओं को वापस कर दी जाएगी।
2. बोली दाता को अपने व्यक्तिगत पहचान / फर्म का पहचान पत्र एवं अन्य संबंधित दस्तावेजों की छाया प्रति नीलामी से पूर्व कार्यालय में जमा करवानी होगी।
3. फर्म के प्रोपराइटर के अलावा अन्य व्यक्ति द्वारा बोली लगाने से पूर्व फर्म के लेटर हेड पर Authorization Certificate प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
4. समिति द्वारा स्वीकार्य उच्चतम बोली की राशि को मौके पर ही जमा करना होगा, जिसमें धरोहर / सुरक्षा राशि समायोजित कर दी जाएगी।
5. नीलामी की गयी सामग्री बोली दाता द्वारा भुगतान करने के तुरंत बाद खुद के खर्चे पर उठानी होगी।
6. स्वीकृति के समय बोली की 100% राशि जमा कराने में विफलता के मामले में उच्चतम बोली लगाने वाले द्वारा जमा की गई धरोहर राशि को जब्त कर लिया जाएगा।
7. अन्य नियम और शर्तें यदि कोई है, समिति द्वारा नीलामी प्रारंभ होने से पहले ही घोषित कर दी जाएगी।
8. समिति बिना किसी कारण बताए, किसी भी बोली को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखती है।

27/02/2025

(डॉ राकेश कुमार व्यास)
प्राचार्य

प्राचार्य/PRINCIPAL
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय
PM SHRI KENDRIYA VIDYALAYA
सीसुब जोधपुर/BSF JODHPUR

वितरण :-

1. अध्यक्ष, विद्यालय प्रबंध समिति
2. समस्त केन्द्रीय विद्यालय, जयपुर संभाग
3. विद्यालय सूचना पट्ट
4. विद्यालय वेबसाइट
5. सूचना पट्ट – सीमा सुरक्षा बल